कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

पत्रांक– 530 /FP/UK/MIN/149754/2021 :देहरादून:दिनांक: 24 अगस्त 2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त,
उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।

विषयः– जनपद–नैनीताल में तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी के अन्तर्गत गौला नदी में 1497 हे0 वन भमि में उत्तराखण्ड वन विकास निगम को 10 वर्षों हेतु उप खनिज चुगान हेतु अनुमति दिये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भः– आपका पत्रांक 249/12–1 दिनांक 18–08–2022

महोदय,

कृपया अपने उपरोक्त विषयक पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिससे विषयांकित प्रकरण में भारत सरकार के पत्र दिनांक 12–05–2022 के अनुपालन में सूचना प्रेषित की गयी है। प्रेषित की गई सूचना अपूर्ण है। सन्दर्भित पत्र एवं उसके साथ संलग्न सभी प्रपत्र छाया प्रति में प्रेषित किये गये है। भारत सरकार को समस्त सूचनायें मूल प्रति में प्रेषित की जाती है। अतः सभी सूचनायें मूल प्रति में प्रेषित करने का कष्ट करें। उपरोक्त के प्रकरण में अतिरिक्त निम्नानुसार बिन्दुओं पर सूचना उपलब्ध करायी जानी है :–

1–भारत सरकार के पत्र दिनांक 12–05–2022 के बिन्दु संख्या–III के अनुपालन में मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक का अनापत्ति प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया जाना है।

2–बिन्दु संख्या–VII के अनुपालन में लागत लाभ विश्लेषण से सम्बन्धित सूचना निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध करायी जानी है।

अतः उपरोक्तानुसार सूचनाओं को सम्मिलित करते हुये पत्र में संलग्नकों का उल्लेख करते हुये परिपूर्ण सूचना यथाशीघ्र ऑनलाईन/ऑफलाईन मय संलग्नकों के मूल प्रति में इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें, ताकि सूचना ससमय भारत सरकार को प्रेषित की जा सके।

भवदीय,

(एस0एस0 रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून

संख्या 530 / FP/UK/MIN/149754/2021 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी (नैनीताल)।
2. प्रभागीय लौगिग प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, गौला खनन, हल्द्वानी प्रभाग (नैनीताल)।

24/08/22
(एस0एस0 रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून